# आईएसबीटी कॉरिडोर से अतिक्रमण हटाने और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) का निरीक्षण कर गैर संचालित बसों को हटाने, अतिक्रमणों पर कार्रवाई करने और सभी कॉरिडोर खाली रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर में सामान रखने और गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध सख्ती से स्पॉट फाइन किया जाए।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने बस स्टैंड, कॉरिडोर और परिसर के अन्य स्थानों का अवलोकन किया। उन्होंने बस संचालकों और दुकानदारों द्वारा कॉरिडोर में रखे सामान को हटवाकर आवागमन सुचारु रखने के निर्देश दिए। बड़ी मात्रा में सामान रखकर रास्ता अवरुद्ध करने वाले चार्टर्ड बस संचालक के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई करने तथा समझाइश के बाद भी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती बरतने को कहा।

निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने कॉरिडोर में सामान रखने वाले बस ऑपरेटरों और चार्टर्ड बस के बुकिंग ऑफिस संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की। अमले ने बुकिंग ऑफिस संचालक से पांच हजार रुपये स्पॉट फाइन के रूप में वसूल किए और कॉरिडोर से सामान भी हटवाया। आयुक्त ने बस स्टैंड क्षेत्र में खड़ी गैर संचालित



बसों को हटाने और बसों का ठहराव निर्धारित समयावधि तक ही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर और आसपास के क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने, स्मार्ट सिटी द्वारा रखवाई गई साइकिलों को व्यवस्थित रखने तथा पूरे आईएसबीटी में उच्च स्तरीय साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अमन मिश्रा, उपायुक्त भुवन गुप्ता और चंचलेश गिरहारे सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पटाखा बाजारों में अग्निशमन व्यवस्था चाक-चौबंद रखें : निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रविवार को लिली टॉकीज क्षेत्र में लगने वाले पटाखा बाजार का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पटाखा बाजारों में अग्निशमन की व्यवस्था चाक-चौबंद रखने और नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही दुकानें लगाने तथा बाजार और आसपास के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त रखने को कहा। उन्होंने शहर के अन्य क्षेत्रों में लगने वाले पटाखा बाजारों और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी भी प्राप्त की। सभी बाजारों में आवश्यक संसाधनों से युक्त अग्निशमन अमले को 24 घंटे तैनात रखने के निर्देश दिए।

इसके बाद निगम आयुक्त ने यातायात पार्क स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध वाहनों, संसाधनों और अग्निशमन अमले की जानकारी ली। आयुक्त ने आगजनी और अन्य आपदाओं के दौरान उपलब्ध संसाधनों का पूरी क्षमता से उपयोग करते हुए तत्परता से कार्रवाई करने तथा अमले को हमेशा तैयार रखने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कार्रवाई करते हुए व्यवसायियों को अतिक्रमण नहीं करने और गंदगी नहीं फैलाने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अमन मिश्रा, उपायुक्त चंचलेश गिरहारे सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यू मार्केट में दुकानों की सीमा तय करने का काम शीघ्र पूरा करें : अहिरवार

*नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने रविवार को न्यू मार्केट के आंतरिक और बाहरी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों की सीमा निर्धारण के लिए की जा रही यलो लाइन मार्किंग का काम शीघ्र पूरा कराने और दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर ही व्यवसाय करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने मार्किंग कार्य का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने न्यू मार्केट की सभी दुकानों के सामने सीमा निर्धारण के लिए मार्किंग सुनिश्चित करने और कार्य में तेजी लाने को कहा।*



*दुकानदारों को निर्धारित सीमा के भीतर सामान रखकर व्यवसाय करने की समझाइश देने तथा इसका पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। आयुक्त ने बाजार क्षेत्र के सभी मार्गों और कॉरिडोर को अतिक्रमण मुक्त रखने तथा नागरिकों के आवागमन के लिए खाली रखने को कहा। उन्होंने क्षतिग्रस्त टाइल्स के स्थान पर नई टाइल्स लगाने, फुटपाथों और अन्य स्थानों से धूल-मिट्टी हटाने तथा न्यू मार्केट के आंतरिक और बाहरी क्षेत्रों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दिन और रात की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने तथा पूरे क्षेत्र में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा।*

# पूर्व मंत्री के चार इमली वाले बंगले का टोंटी चोर गिरफ्तार

## 15 वर्ष से कर रहा अपराध झुमरू, पहले से दर्ज हैं 12 मामले

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शहर के पाश चार इमली क्षेत्र से दिनदहाड़े पूर्व मंत्री के बंगले से नलों की टोंटिया चोरी होने के मामले को सुलझा लिया गया है। आरोपी झुमरू नाम के युवक से चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है। उसके खिलाफ पूर्व से 12 मामले दर्ज हैं। वह 15 वर्ष की उम्र से अपराध कर रहा है। पुलिस उससे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है।

हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक अजय विश्नोई को चार इमली स्थित ई-11/3 आवंटित है। उसमें देखरेख का काम विधानसभा में पदस्थ कर्मचारी द्वारका प्रसाद अहिरवार करते हैं। द्वारका प्रसाद ने नौ अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी। उसमें बताया था कि दोपहर एक बजे से लेकर ढाई बजे तक मकान सूना था। उस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने



ताला तोड़कर चार बाथरूम और किचन में तोड़फोड़ करते हुए नलों की 16 टोंटी चोरी कर लीं।

### सीसीटीवी से मिला सुराग

इस मामले में पुलिस ने आसपास लगे कई सीसीटीवी के फुटेज वारदात के समय को देखते हुए खंगाले। उसमें एक संदिग्ध युवक का हुलिया मिल गया था। उस हुलिए के व्यक्ति की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। शनिवार को उस हुलिए के युवक के छह नंबर स्थित अंकुर खेल मैदान के पास मौजूद रहने की सूचना मिली। पुलिस ने हिरासत में लेकर उसके पूछताछ की, तो उसने टोंटियां चोरी करना कबूल कर लिया। उसकी निशानदेही पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के पास छुपा कर रखा चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। आरोपी की पहचान जवाहर चौक स्थित 12 दफ्तर के पास रहने वाले 30 वर्षीय संतोष अहिरवार उर्फ झुमरू के रूप में हुई। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 12 केस दर्ज हैं। पहला अपराध उसने 15 वर्ष की अवस्था में वर्ष 2011 में किया था। रिमांड पर लेकर उससे अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## झगड़े की शिकायत करने थाने पहुंचे युवक की तबीयत बिगड़ी, हुई मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तलैया थाना इलाके में रविवार शाम झगड़े की शिकायत लेकर थाने पहुंचे युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिवार के लोग उसे लेकर थाने पहुंचे। वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। संभवत: हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। तलैया थाना पुलिस के मुताबिक इस्लामपुरा निवासी 33 वर्षीय कालू उर्फ माजिद कसाई की दुकान पर काम करता था। उसका पड़ोस में रहने वाले आरिफ नाम के युवक से उधारी के पांच हजार रुपये को लेकर विवाद चल रहा था। इसी मुद्दे पर शाम लगभग साढ़े पांच बजे दोनों के बीच झूमाझटकी हो गई। इस बात की शिकायत करने माजिद परिवार के कुछ लोगों के साथ थाने पहुंचा था। वहां पहुंचते ही, उसे घबराहट सी होने लगी। पुलिस के पूछने पर उसने बताया कि उसका हृदय रोग का उपचार चल रहा है। पुलिस ने परिवार के लोगों को माजिद को लेकर हमीदया अस्पताल जाने की सलाह दी। वे लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां चेक करने के बाद डाक्टर ने माजिद को मृत घोषित कर दिया।

## झगड़ा सुलझाने के बहाने युवती को कार में ले गया दोस्त, की मारपीट

- फ्लैट से लैपटाप,सोने का कड़ा ले गया था, वापस मांगने पर शुरू हुआ विवाद

**भोपाल नईदुनिया प्रतिनिधि:** दोस्त को उधार दिया गया कीमती सामान वापस मांगना एक युवती के लिए मुसीबत का सबब बन गया। इस मुद्दे पर विवाद होने पर युवक सुलह के बहाने से खाना खिलाने का कहकर अपनी कार में बैठाकर ले गया। राजहंस ढाबे के पास मारपीट करते हुए युवक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। बुरी तरह से घबरा गई युवती ने वीडियो काल पिता को घटना दिखाई। इसके बाद मौका मिलते ही जेके रोड पर वह कार से उतरकर किसी तरह युवक के चंगुल से निकलकर पहुंची। रविवार को उसने हबीबगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि 32 वर्षीय युवती मूल रूप से शहडोल की रहने वाली है और 12 नंबर क्षेत्र में रहती है। विकास यादव नाम के युवक से उसकी पिछले दो-तीन साल से दोस्ती रही है। युवती ने शिकायत में बताया 26 अक्टूबर को विकास उसके फ्लैट पर पहुंचा था। वहां से वह लैपटाप, तीन महंगी घड़ियां, सोने का कड़ा और चांदी का ब्रेसलेट ले गया था। 31 अक्टूबर की रात लगभग 10:30 बजे युवती ने सामान वापस मांगा तो विकास ने बताया कि वह उसके साथी सोहेल के पास है। वह एक-दो दिन में वापस कर देगा। युवती तत्काल सामान वापस करने की जिद करने लगी, तो उनके बीच विवाद हो गया। उसके बाद विकास उसे एक सफेद रंग की कार में बैठाकर राजहंस ढाबे के पास ले गया।

वहां उसने उसके साथ मारपीट की। उसने पिता को फोन करने पर जान से मारकर फेंकने की धमकी भी दी। युवती ने पिता को वीडियो काल कर आपबीती बताई। इसके बाद वह मिनाल के पास जेके रोड पर कार से उतर गई और रैपिडो से घर पहुंची। युवती ने शिकायत में विकास द्वारा उसके साथ पहले भी मारपीट करने की बात कही है। हबीबगंज पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी विकास यादव की तलाश शुरू कर दी है।

### कोलार सिक्स लेन रोड पर हादसा

## सड़क पर टहल रहे मां-बेटे को बोलेरो ने मारी टक्कर बेटे की मौत, माँ गंभीर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** कोलार स्थित सिक्सलेन रोड पर शनिवार शाम खाना खाने के बाद सड़क पर टहल रहे मां-बेटे को तेज रफ्तार बोलेरों ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल अवस्था में उन्हें शाहपुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जहां कुछ देर बाद बेटे ने दम तोड़ दिया। मां की हालत भी गंभीर बनी हुई है। उधर दुर्घटना के बाद चालक बोलेरो सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से उसके बारे में जानकारी जुटा रही है।

कोलार थाना पुलिस के अनुसार 36 वर्षीय अभिषेक अहिरवार मंदाकिनी सोसायटी, कोलार में परिवार के साथ रहता था। अभिषेक शादीशुदा था और उसका एक बच्चा भी है। वह बैंगलुरू की एक कंपनी में काम करता था। पिछले दिनों ही वह परिवार के संग दीवाली मनाने के लिए भोपाल आया था। शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे खाने के बाद अभिषेक अपनी मां जया अहिरवार के साथ मुख्य सड़क पर टहलने निकला था। दोनों भूमिका रेसीडेंसी के सामने पहुंचे ही थे तभी, पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो वाहन के चालक ने मां बेटे को चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में अभिषेक की मौत हो गई, जबकि जया अहिरवार का उपचार चल रहा है। पुलिस मुख्य मार्ग पर पर लगे सीसीटीवी के फुटेज से टक्कर मारकर भागी बोलेरो का सुराग जुटा रही है।

## अपराधों की रोकथाम के लिए आमजनों से संवाद




**भोपाल नईदुनिया प्रतिनिधि:** रविवार को नगरीय पुलिस भोपाल के जोन-एक अंतर्गत थाना कमला नगर क्षेत्र के डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क के सामने पुलिस आयुक्त,संजय कुमार ने आम जनता से संवाद किया। इसका उद्देश्य जनता एवं पुलिस के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने,अपराधों पर नियंत्रण तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। इस कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के लगभग 100 महिला-पुरुष के अलावा थाना प्रभारी कमला नगर, बीट प्रभारी एवं थाना कमला नगर का स्टाफ उपस्थित रहा। जन-संवाद के दौरान अवैधानिक गतिविधियों की सूचना हेतु आम जनता को सीधे संवाद हेतु मो.नं. 7587640330 के बारे में अवगत कराया गया। उपस्थित आमजन को नशे से दूर रहने,अपराध मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई।

## ताला तोड़कर मंदिर में घुसा, बीड़ी पी दान पेटी से नकदी लेकर हुआ चंपत

- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, डेढ़ साल से अंधेरे में है एनएचएआई का ब्रिज, बढ़ रहे अपराध और हादसे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** परवलिया सड़क क्षेत्र में मुख्य मार्ग किनारे हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात हुई। अज्ञात व्यक्ति आधी रात को ताला तोड़कर मंदिर में घुसा और दान पेटी में रखी लगभग चालीस हजार की राशि लेकर चंपत हो गया। इस दौरान उसने आराम से तीन बार बीड़ी भी पी। वारदात मंदिर के पास लगे सीसीटीवी में रिकार्ड हो गई है। फुटेज में मिले हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

परवलिया सड़क थाना पुलिस के मुताबिक परवलिया सड़क निवासी आकाश भावसार ने चोरी



की शिकायत दर्ज कराई। उसमें बताया कि मुख्य मार्ग पर बने एनएचएआई मे ब्रिज के बाजू में शंकर सुवन हनुमान मंदिर है। रोजाना की तरह 30 अक्टूबर को आरती के बाद पुजारी ने मंदिर का दरवाजा बंद कर ताला लगा दिया था। शनिवार सुबह छह बजे पुजारी मंदिर पहुंचे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

दान पेटी मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर पीछे की तरफ खाली पड़ी थी। उसमें रखी दान की राशि जो लगभग 40 हजार होगी गायब थी। आकाश ने बताया कि मंदिर के पास लगे सीसीटीवी देखने पर पूरी वारदात का पता चल गया। उसमें साफ दिख रहा है कि एक लड़का ताला तोड़कर अंदर घुसा और बाकायदा तीन बार इतमिनान से उसने बीड़ी भी पी। उसके बाद दान पेटी तोड़कर दान राशि झोले में भरकर चंपत हो गया। आकाश ने बताया कि एनएचएआई के ब्रिज पर लगी स्ट्रीट लाइट पिछले डेढ़ वर्ष से बंद पड़ी हैं। इससे जहां ब्रिज के ऊपर सड़क हादसे हो रहे है,वहीं ब्रिज के आसपास अंधेरा पड़ा रहने से आसामाजिक तत्व सक्रिय रहते हैं।

## सार्वजानिक गोवर्धन महोत्सव 10 को, तैयारी जोरों पर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** तेजस जनकल्याण समिति द्वारा सार्वजानिक गोवर्धन महोत्सव का आयोजन 10 नवम्बर को किया जाएगा। ऐतिहासिक छोला दशहरा मैदान में होने वाले इस अनुष्ठान के लिए तैयारी जारी है। इसके तहत रविवार को समिति सदस्यों ने दशहरा मैदान का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया। समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और क्षेत्रीय पार्षद की विशेष उपस्थिति में सदस्यों को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सचिव वरुण गुप्ता ने बताया की राजधानी के पहले सार्वजानिक गोवर्धन महोत्सव के आयोजन का यह 11वां वर्ष है। लिहाजा इस वर्ष कार्यक्रम को और व्यापक रूप में आयोजित किया जाएगा। इसके के लिए शहर के प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह के नेतृत्व में गोवर्धन जी की 11 फीट की मूर्ति के साथ ही कोलकाता के कलाकारों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मथुरा, वृंदावन, जबलपुर और भोपाल के कलाकारों द्वारा धार्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर अखिल रेजा, तनुज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, हरिओम आसेरी, संतोष शर्मा, पिंटू साहू, दिनेश भोसले, मुकेश मेर, पवन पंथी, कमल साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## बावड़ियाकलां में श्रद्धा के साथ हुआ संगीतमयी श्री वासुपूज्य विधान

**भोपाल नईदुनिया प्रतिनिधि:** बावड़िया स्थित श्री वासुपूज्य दिगंबर जैन मंदिर के नवीन भवन 'श्री विद्या प्रमाण साधु वसतिका परिसर एवं निहार वाटिका' में रविवार को संगीतमयी श्री वासुपूज्य विधान का भव्य आयोजन हुआ।

उल्लेखनीय है कि साधु वसतिका का शिलान्यास चार नवंबर 2025 को पूज्य गुरुदेव 'शंका समाधान' प्रणेता मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ था। वासु पूज्य सेवा मंडल के राजेंद्र जैन प्रदीप मोदी ने बताया भगवान जिनेंद्र के अभिषेक पूजा अर्चना के साथ विधान के अर्घ्य अर्पित हुए।

कार्यक्रम का संयोजन व प्रायोजन श्री वासुपूज्य सेवा मंडल परिवार द्वारा किया गया। इस दौरान साधु वसतिका के पुण्यार्जक परिवारों, समन्वय समिति,परिसर विक्रेता समाज सेवी अरिहंत गोठी सहित समाज के समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया।



समारोह में सकल जैन समाज भोपाल एवं विभिन्न जिनालयों के पदाधिकारी पंकज सुपारी, विकास गोधा, रोहित, सुगन्धीलाल जैन,दीप चंद जैन, अमरचंद जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में साधु वसतिका संयोजक पुष्पेंद्र जैन ने सभी अतिथियों, पुण्यार्जक परिवारों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## सड़क हादसे में घायल बुजर्ग महिला की मौत

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अवधपुरी थाना इलाके में लगभग एक माह पहले सड़क हादसे में घायल हुई 61 वर्षीय महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

अवधपुरी थाना पुलिस के अनुसार लीला देवी बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में पति के साथ रहती थीं। पति शिव प्रसाद वल्लभ भवन से रिटायर्ड कर्मचारी हैं। करीब एक महीने पहले वह पति के साथ बाइक से जा रही थीं। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें पहले साकेत नगर स्थित निजी अस्पताल में जाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया। उनके सिर का ऑपरेशन भी हुआ। करीब एक महीने तक चले इलाज के बाद रविवार को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## शाहपुरा में बाइक सवार बदमाशों ने पत्रकार के हाथ से फोन झपट लिया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** शाहपुरा थाना इलाके में रविवार शाम बाइक सवार दो बदमाश एक पत्रकार के हाथ से डेढ़ लाख रुपये कीमत का मोबाइल फोन झपटकर फरार हो गए। वारदात उस समय हुई,जब वह टहलने के बाद घर वापस लौट रहे थे। घटना के बाद उन्होंने तत्काल शाहपुरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ झपटमारी का केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

शाहपुरा थाना पुलिस के अनुसार एक न्यूज एजेंसी में सेवाएं दे रहे पत्रकार संदीप सिंह शाहपुरा क्षेत्र में रहते हैं। रविवार शाम वह घर के पास टहल रहे थे। मुख्य सड़क से घर की ओर जाते समय उनके मोबाइल पर कॉल आया। वह फोन पर बात करते हुए आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान एक निजी स्कूल के सामने, पीछे से बाइक पर आए दो युवकों में से पीछे बैठे युवक ने उनके हाथ से मोबाइल झपट लिया। संदीप सिंह कुछ समझ पाते, इससे पहले ही दोनों तेज रफ्तार से बाइक लेकर मौके से भाग निकले।

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज खंगाले। एक कैमरे में बाइक सवार दो बदमाश वारदात को अंजाम देते नजर आए हैं। हालांकि घटनास्थल से कैमरे की दूरी अधिक होने के कारण बदमाशों का चेहरा और बाइक का नंबर स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस अब मुख्य सड़क और आसपास के मार्गों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है,ताकि बदमाशों के आने-जाने का रास्ता और उनकी पहचान का पता लगाया जा सके।